भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 611
जिसका उत्तर बुधवार, 5 फरवरी, 2020 को दिया जाना है

न्यायालय में प्रैक्टिस करना

611. श्री कृपानाथ मल्लाह :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 30 को अधिसूचित किया है, जिससे देश भर की अदालतों में किसी भी बार-काउंसिल में नामांकित वकील अपेक्षित राज्यों में लाइसेंस हस्तांतरित करने की आवश्यकता के बिना भी प्रैक्टिस करने में सक्षम होंगे ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यह धारा कौन सी तारीख से लागू होगी ?

उत्तर

विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (ग) : जी, हां। अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 30 को तारीख 9 जून, 2011 को अधिसूचित किया गया है और यह तारीख 15 जून, 2011 को प्रवृत्त हुई है।

****